कार्यालय अधिष्ठाता
राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर, सरगुजा (छ०ग०)

Telephone No- 07774-297800 E-mail – deanmedicalcollegesurguja@gmail-com

क्र./ 1009 /शा.चि.म./स्था./2024 अम्बिकापुर, दिनाँक 28/6/2024

//शुद्धि-पत्र//

--::oo::--

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर, सरगुजा छ०ग० द्वारा वर्ष 2022 एवं 2023 में तृतीय श्रेणी-लिपिकीय पदों एवं गैर-लिपकीय वर्गीय पदों तथा चतुर्थ श्रेणी के पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है।

उपरोक्त पदों पर जारी विज्ञापन के निम्न कण्डिकाओं में संशोधन किया जाता है। जो निम्नानुसार हैः-

♦ **छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 13–2/2012/आ.प्र./1–3, नया रायपुर, दिनांक 23.07.2016** अनुसार छत्तीसगढ़ भूतपूर्व सैनिक (राज्य की सिविल सेवाओं तथा पदों, तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी में रिक्तियों का आरक्षण) नियम, 1985 में शासकीय सेवाओं में भूतपूर्व सैनिकों के लिए सीधी भर्ती से भरे जाने वाले तृतीय श्रेणी के पदों में रिक्तियों का 10 प्रतिशत तथा चतुर्थ श्रेणी के पदों में रिक्तियों का 20 प्रतिशत पद समस्तरीय (होरीजोन्टल) तथा श्रेणीवार (कम्पॉर्टमेंटवाइज) आरक्षण का लाभ प्रदान किया जावेगा। इस संबंध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेश/दिशा-निर्देश का पालन किया जावेगा।

♦ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति/भर्ती हेतु जारी विज्ञापन के नियम एवं शर्तें/दिशा-निर्देश में लिखित/प्रतियोगी/कौशल/दक्षता परीक्षा आयोजित कर चयन किया जाने को ***विलोपित*** कर उसके स्थान पर **''चिकित्सा शिक्षा विभाग सेवा भर्ती नियम दिनांक 24 सितम्बर 2019 के नियम 06 के कण्डिका (1) के द्वारा सेवा में नियुक्ति/भर्ती निम्नलिखित तरीकों से की जायेगी, अर्थात्–**

(क) मेरिट एवं साक्षात्कार के आधार पर चयन के माध्यम से, सीधी भर्ती द्वारा।

(ख) सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा।'' प्रतिस्थापित किया जाता है।

♦ इस संस्था द्वारा वर्ष 2022 एवं 2023 में लिपिकीय/अलिपिकीय पदों की सीधी भर्ती हेतु जारी नियम शर्तें/दिशा-निर्देश के कण्डिका क्रमांक 17 में ''उपरोक्त पदों पर चयन हेतु विज्ञापित पद से **अधिक** आवेदन प्राप्त होने'' में अधिक शब्द के स्थान पर **अत्यधिक** पढ़ा जावे।

भर्ती संबंधित किसी जानकारी हेतु अभ्यर्थी महाविद्यालय के सूचना पटल एवं वेबसाईट **www.gmcambikapur.co.in** का सतत् अवलोकन कर सकते है।

28.06.2024
अधिष्ठाता
राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
अम्बिकापुर, सरगुजा (छ०ग०)